भारत सरकार

ग्रामीण विकास मंत्रालय

ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1799

(02 जुलाई, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए)

पीएमजीएसवाई के तहत ग्रामीण संपर्क

1799. श्री रितेश पाण्डेयः

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश (अम्बेडकर नगर ज़िले सहित) में प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत कार्यों सहित तथा उनसे इतर स्वीकृत ग्रामीण संपर्क परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;
(ख) उक्त अवधि के दौरान मंत्रालय द्वारा उत्तर प्रदेश में (अम्बेडकर नगर सहित) पूरी की गई ग्रामीण संपर्क परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या विगत पांच वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश में (अम्बेडकर नगर जिले सहित) स्वीकृत ग्रामीण संपर्क परियोजनाएं अभी तक पूरी नहीं हुई हैं; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और इसके कारण क्या हैं?

उत्तर

ग्रामीण विकास मंत्री

(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क): उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पिछले 5 वर्षों के दौरान प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य में 6663.857 किमी. लंबाई के कुल 825 सड़क कार्य मंजूर किए गए थे जिसमें अम्बेडकर नगर जिले में 127.425 किमी. लंबाई के 20 सड़क कार्य शामिल हैं।

(ख): उत्तर प्रदेश राज्य में पिछले 5 वर्षों के दौरान पीएमजीएसवाई के अंतर्गत 8725.57 किमी. लंबाई के कुल 1225 सड़क कार्य पूरे किए गए हैं जिनमें अम्बेडकर नगर जिले में 165.280 किमी. लंबाई के 32 सड़क कार्य शामिल हैं। पूरे किए गए सड़क कार्यों में पांच वर्ष से पूर्व मंजूर किए गए सड़क शामिल हैं।

(ग) और (घ): पिछले 5 वर्षों के दौरान स्वीकृत किए गए 1269.955 किमी. लंबाई के 147 कार्य, जिनमें अम्बेडकर नगर जिले के 3 कार्य (18.600 किमी.) शामिल हैं, अभी तक पूरे नहीं हुए हैं। राज्य सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 45 कार्य अभी चल रहे हैं जबकि शेष कार्य वन विभाग से मंजूरी न मिलने तथा अन्य मुद्दों की वजह से प्रभावित हैं।